रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III —खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 366] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 3, 2018/आश्विन 11, 1940

No. 366] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 3, 2018/ASVINA 11, 1940

IndiaCode

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(भारतीयखाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर, 2018

फा. सं0 12/01/2010-प्रशासन/एफ.एस.एस.ए.आई.—खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का संख्यांक 34) की धारा 92 की उप-धारा (1) की अपेक्षा के अनुसार, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की अधिसूचना सं0 फाइल सं0 12/01/2010-प्रशासन/एफ.एस.एस.ए.आई,तारीख 7 फरवरी, 2018 द्वारा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (भर्ती और नियुक्ति)

विनियम, 2018 का कतिपय प्रारूप भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खंड 4 में तारीख 8 फरवरी, 2018 को उससे प्रभावित हो सकने वाले व्यक्तियों से उस तारीख से तीस दिनों की अवधि के अंदर आपत्तियाँ और सुझाव आमंत्रित करते हुए प्रकाशित किया गया था, जिस तारीख को उस विनियम को राजपत्र में प्रकाशित कराया गया था;

और जनता से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर भली-भाँति विचार कर लिया गया है और यथासंभव सीमा तक उपयुक्त उपबंध शामिल कर दिए गए हैं;

अत: अब खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का संख्यांक 34) की धारा 9 की उप-धारा (2) और (3) के साथ पठित धारा 92 की उप-धारा (2) के खंड (क) द्वारा प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाद्य प्राधिकरण केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (क) इन विनियमों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (भर्ती और नियुक्ति) विनियम, 2018 कहा जाएगा।

(ख) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे।

(ग) ये विनियम इनके साथ अनुबद्ध अनुसूची में निर्दिष्ट पदों पर लागू होंगें।

2. परिभाषाएँ,- इन विनियमों में, जब तक प्रसंग से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) **"अधिनियम"** से खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का 34) अभिप्रेत है;

(ख) **"केंद्रीय सरकार"** से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार अभिप्रेत है;

(ग) **"आयु"** से अनुसूची में विहित ऊपरी आयु सीमा अभिप्रेत है;

(घ) **"नियुक्ति और अनुशासनिक प्राधिकारी"** से, खाद्य प्राधिकरण के अधीन पदों के संबंध में, निम्नलिखित अभिप्रेत है,-

(i) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 14 (1,44,200 - 2,18,200) और उससे ऊपर के समूह 'क' के सभी पदों के संबंध में प्राधिकरण का अध्यक्ष, परंतु इनमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल नहीं है ।

(ii) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 14 (1,44,200 - 2,18,200) से नीचे के समूह 'क' के सभी पदों के संबंध में प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी;

(iii) समूह 'ख' के सभी पदों के संबंध में प्राधिकरण का कार्यकारी निदेशक; और

IndiaCode

(iv) समूह 'ग' के समतुल्य सभी समकक्ष पदों के संबंध में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के मुख्यालय या खाद्य प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालयों या प्रयोगशालाओं में स्थापना के प्रभारी निदेशक अपने-अपने अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत;

(ङ) **"मुख्य कार्यकारी अधिकारी"** से खाद्य प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिप्रेत है;

(च) **"उम्मीदवार"** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो इन विनियमों की अनुसूची में निर्दिष्ट पदों में से किसी पद के लिए पात्र हो;

(छ) **"अनुबंधित कर्मचारी"** से वह कर्मचारी अभिप्रेत है जिसकी नियुक्ति किसी विहित अवधि के लिए संविदा के आधार पर की गई हो;

(ज) **"समिति"** से अनुसूची या इन विनियमों के अंतर्गत विशिष्ट प्रावधानों में विहित खोज-सह-चयन समिति, विभागीय पदोन्नति समिति, छँटनी या विशेषज्ञ समिति या मूल्यांकन बोर्ड अभिप्रेतहै और उसमें शामिल है;

(झ) **"सीधी नियुक्ति"** से प्राधिकरण द्वारा की गई वह नियुक्ति अभिप्रेत है, जो खाद्य प्राधिकरण द्वारा इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के आधार पर या संविदा के आधार पर की गई नियुक्ति से भिन्न हो;

(ञ) **"प्रतिनियुक्ति"** से भर्ती की वह पद्धति अभिप्रेत है, जिसद्वारा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के पदों पर केंद्रीय सरकार या राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के विभागों के अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं;

(ट) **"परिवीक्षा"** से अभिप्रेत है कि किसी पद पर नियुक्त व्यक्ति अनुसूची में विहित अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगा।

(ठ) **"मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या शैक्षणिक बोर्ड"** से वह विश्वविद्यालय या बोर्ड अभिप्रेत है,जिसे भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल, जैसी भी स्थिति हो, को किसी विधि द्वारा स्थापित किया गया हो और उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या इस प्रयोजन के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत अन्य कोई संस्था द्वारा मान्यता प्रदान की गई हो;

(ड) **"अल्प-कालिक अनुबंध"** से गैर-सरकारी संस्थाओं, यथा विश्वविद्यालय, मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थान,सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमके अधिकारियों की खाद्य प्राधिकरण में किसी विहित अवधि के लिए भर्ती की पद्धति अभिप्रेत है;

(ढ) **"विभागीय कर्मचारी या उम्मीदवार"** से इन विनियमों के अंतर्गत खाद्य प्राधिकरण की सेवा में नियमित आधार पर नियुक्तसभी व्यक्ति और इन विनियमों के भाग 3 के उपबंधों के अंतर्गत नियुक्त कर्मचारी अभिप्रेत है;

IndiaCode

(ण) इन विनियमों में प्रयुक्त परंतु अपरिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों से वही अभिप्रेत होगा, जो उनसे क्रमश: खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का संख्यांक 34) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों, सामान्य खंड अधिनियम, 1897 (1897 का संख्यांक 10) या नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का संख्यांक 5) में अभिप्रेत है।

अध्याय II
पदों का वर्गीकरण

3. प्रारंभिक गठन.- इन विनियमों के प्रवर्तन से पूर्व खाद्य प्राधिकरण की सेवा में नियमित आधार पर नियुक्त सभी व्यक्ति इन विनियमों के अंतर्गत नियुक्त माने जाएँगे और उन द्वारा की गई सेवा पदोन्नति तथा अन्य सेवा शर्तों के प्रयोजन के लिए गिनी जाएगी।

4. पदों का वर्गीकरण.- खाद्य प्राधिकरण के पदों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जाएगा,-

क्रम सं0	विवरण	पदों का वर्गीकरण
1.	वेतन मैट्रिक्स में स्तर 10 या उससे ऊपर के स्तर के पद	समूह ''क''
2.	वेतन मैट्रिक्स में स्तर 6 से स्तर 9 तक के पद	समूह ''ख''
3.	वेतन मैट्रिक्स में स्तर 1 से स्तर 5 तक के पद	समूह 'ग''

IndiaCode

5. पद, संवर्ग, वर्गीकरण और वेतनमान.-

(क) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में अनुसूची में यथा-उल्लिखित तीन संवर्ग होंगे, अर्थात् प्रशासनिक और वित्तीय संवर्ग (क्रम सं0 1 से 17); वैज्ञानिक और तकनीकी संवर्ग (क्रम सं0 18 से 21);और सूचना प्रौद्योगिकी और अन्य विशेषज्ञ सेवा संवर्ग (क्रम सं0 22 से 32)।

(ख) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 11 से 13 तक के पद आवश्यकता और पात्र उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से और लिखित कारणों से संवर्गों और स्तरों के साझे पूल के रूप में प्रचालित किए जा सकते हैं।

(ग) भारत के खाद्य प्राधिकरण में समूह 'क' और समूह 'ख' के पदों का कैडर प्रबंधन खाद्य प्राधिकरण के मुख्यालय में केंद्रीय स्तर पर किया जाएगा।

(घ) समूह 'ग' के पदों का कैडर प्रबंधन, जब तक वह क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रयोगशालाओं को उनके अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत पदों के संबंध में प्रत्यायोजित नहीं कर दिया जाता, मुख्यालय द्वारा किया जाएगा।

(ङ) पदों का वर्गीकरण और उनसे संलग्न वेतन स्तर वही होगा, जो इन विनियमों की अनुसूची में विहित है।

6. खाद्य प्राधिकरण में नियुक्ति की सामान्य शर्तें.-

उप-विनियम (1) से (6) में विहित सामान्य शर्तें खाद्य प्राधिकरण में सभी नियुक्तियों पर लागू होंगी।

(1) खाद्य प्राधिकरण नियुक्ति की प्रक्रिया निर्धारित करेगी।

(2) इन विनियमों की कोई बात इस संबंध में केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष वर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंधित किए जाने वाले आरक्षणों, आयु सीमा में छूट और अन्य छूटों को प्रभावित नहीं करेगी।

(3) कोई ऐसा व्यक्ति खाद्य प्राधिकरण में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा(गी), जिसने अठारह वर्ष की आयु प्राप्त न कर ली हो। खाद्य प्राधिकरण के किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए विभागीय उम्मीदवार के लिए अनुसूची में विहित कोई अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होगी।

(4) कोई भी व्यक्ति खाद्य प्राधिकरण की सेवा में नियुक्ति के लिए तब तक योग्य नहीं होगा, जब तक वह –

(क) भारत का(की) नागरिक न हो;

(ख) सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित नागरिकता की किसी अन्य श्रेणी में शामिल न हो:

परंतु यदि ऐसे व्यक्ति के पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हो तो उसे नागरिकता की अन्य श्रेणी में माना जाएगा।

(5) कोई भी व्यक्ति खाद्य प्राधिकरण की सेवा में नियुक्त नहीं किया जाएगा,-

(क) यदि उसका नैतिक आचरण अच्छा न हो और उसे पूर्व में किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया हो;

(ख) यदि उसे नैतिक अधमता के कारण दुराचरण के आधार पर किसी सरकारी या सार्वजनिक उद्यम या प्राइवेट सेवा या अन्य किसी संगठन से पदच्युत किया गया हो या सेवा से निकाल दिया गया हो या अनिवार्य सेवा-निवृत्त कर दिया गया हो।

(6) (क) कोई वह व्यक्ति,-

(i) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का करार किया हो, जिसके पहले ही एक पति/पत्नी हो; अथवा

(ii) जिसने एक पति/पत्नी के जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का करार किया हो,

नियुक्ति का(की) पात्र नहीं होगा(गी)।

IndiaCode

(ख) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नियुक्ति से पूर्व निर्धारित प्रपत्र में विवाह संबंधी घोषणा करनी होगी।

परंतु यह कि यदि सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष के व्यक्ति पर लागू वैयक्तिक विधि के अंतर्गत अनुमत है और ऐसा करने के अन्य कारण हैं, तो वह उसे इस विनियम के प्रवर्तन से छूट दे सकता है।

7.नियुक्ति के लिए छूट.- इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी सक्षम प्राधिकारी फीडर ग्रेड के अधिकारियों के पदोन्नति के लिए पात्र होने तक प्रतिनियुक्ति, अल्पकालिक संविदा या संविदा के आधार पर, जैसी भी स्थिति हो, के माध्यम से नियुक्ति का अनुमोदन कर सकता है और उच्च स्तर के पदों पर उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर उन पदों को निम्न स्तर के पदों से प्रतिनियुक्ति, अल्पकालिक संविदा या संविदा के आधार पर,जैसी भी स्थिति हो,अंतरिम उपाय के रूप में प्रचालित कर सकता है।

8. भर्ती के मानदंड.-

(1) पदों पर भर्ती की पद्धति, वेतन स्तर, आयु सीमा, योग्यता और उससे संबद्ध अन्य मामले अनुसूची में यथाविहित प्रावधानों के अनुसार होंगे।

(2) भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पिति जिले और चंबा जिले के पांगी उप मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है) विज्ञापित पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा निर्धारित करने की तारीख होगी।

9. उम्मीदवारों की चयन सूची.- चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा अनुमोदित उम्मीदवारों की मेरिट के अनुसार एक सूची रिजर्व सूची के साथ तैयार की जाएगी, जो एक वर्ष या ऐसी बढ़ी हुई अवधि, जिसे सक्षम प्राधिकारी निर्दिष्ट करे, के लिए वैध रहेगी।

10. उम्मीदवारों का चयन.-

(क) उम्मीदवारों को नियुक्ति के प्रस्ताव चयन सूची में दी गई मेरिट के क्रम से जारी किए जाएँगे, जिनमें उम्मीदवार को कार्य-ग्रहण करने की कोई समय-सीमा दी जाएगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के विवेक के अनुसार बढ़ाया जा सकता है;

(ख) नियुक्ति प्रस्ताव के पत्र में उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति से पहले पूरी की जाने वाली शर्तों का उल्लेख होगा;

(ग) उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति से पूर्व पूरी की जाने वाली कोई शर्त पूरी न करने या उस द्वारा निर्दिष्ट समय में कार्य-ग्रहण न करने पर सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति प्रस्ताव को वापस ले सकता है;

(घ) सीधी भर्ती की सभी नियुक्तियाँ चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापान के अध्यधीन होंगी;

(ङ) ऊपर खंड (ग) के अनुसार किसी नियुक्ति प्रस्ताव के वापस लिए जाने पर सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक के अनुसार चयन सूची में मेरिट के अनुसार उससे अगले उम्मीदवार को नियुक्ति का प्रस्ताव जारी कर सकता है।

IndiaCode

(च) नियुक्त कर्मचारियों को भारत या विदेश में कहीं भी सेवा करनी होगी।

(छ) प्रत्येक उम्मीदवार अपनी नियुक्ति से पूर्व शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 (1923 का संख्यांक 19) के अंतर्गत शपथ लेगा(गी)।

11. सीधी भर्ती.-

(1) (क) भरी जाने वाली रिक्तियों को सरकारी निर्देशों के अनुसार व्यापक रूप से विज्ञापित किया जाएगा;

(ख) विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तारीख तक प्राप्त न हुए आवेदन या निर्धारित शर्तें पूरी न करने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों को सरसरी तौर पर रद्द किया जा सकेगा:
परंतु सक्षम प्राधिकारी आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख बढ़ा सकता है।

(2) इन विनियमों की अनुसूची और अन्य उपबंधों में निर्दिष्ट शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखने वाले उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के माध्यम से सीधी भर्ती के पात्र होंगे। सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक के अनुसार, जहाँ वाँछनीय हो, यह भी निर्धारित करेगा कि क्या लिखित परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों प्रक्रिया के अंग होंगे।

(3) सक्षम प्राधिकारी, अपने विवेक के अनुसार,चयन समिति की सिफारिशों के अनुसार उपयुक्त उम्मीदवारों के नामों का एक पैनल बना सकता है। यदि नामों का ऐसा कोई पैनल बनाया जाए और रखा जाए तो वह उसके अनुमोदन की तारीख से एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिए वैध होगा या ऐसी बढ़ी हुई अवधि, जिसे सक्षम प्राधिकारी निर्दिष्ट करें, के लिए वैध रहेगी।

(4) किसी विभागीय उम्मीदवार के सीधी भर्ती द्वारा किसी पद पर नियुक्ति के मामले में वह पद सीधी भर्ती द्वारा भरा हुआ माना जाएगा।

(5) खाद्य प्राधिकरण के अनुमोदन से इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को खाद्य प्राधिकरण की सेवा में संविदा पर नियोजित सभी व्यक्तियों को सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जा सकती है और उन्हें खाद्य प्राधिकरण के काम में नियोजन के लिए वरीयता दी जा सकती है।

12. आमेलन :-

(1) केंद्र सरकार के अन्य मंत्रालयों या विभागों, राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा नियंत्रित या वित्तपोषित मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संगठनों या संस्थाओं के उम्मीदवारों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर आमेलन के आधार पर नियुक्त किया जा सकता है:

(क) उम्मीदवार अनुसूची में विहित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखता(ती) हो; और

(ख) उम्मीदवार आवेदित पद के समकक्ष पद पर हो।

(2) सक्षम प्राधिकारी, समय-समय पर उचित आदेश द्वारा, खाद्य प्राधिकरण में पहले ही प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किसी व्यक्ति को, नीचे उप-विनियम (3) में दी गई प्रक्रिया अपना कर, इन भर्ती विनियमों की अधिसूचना की तारीख को प्राधिकरण में पहले ही प्रतिनियुक्त व्यक्तियों के संबंध में उसके खंड 3(घ) को छोड़कर, स्थायी रूप से समामेलित कर सकता है:

परंतु कोई व्यक्ति खाद्य प्राधिकरण में समामेलित नहीं किया जाएगा जब तक वह -

(क) खाद्य प्राधिकरण में स्थायी रूप से आमेलन के लिए खाद्य प्राधिकरण द्वारा लिखित में विकल्प मांगने पर वह विकल्प लिखित रूप में न दे दे, और

IndiaCode

(ख) वह इन विनियमों की अनुसूची में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव न रखता हो और उसने खाद्य प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर कम से कम दो वर्ष की सेवा पूरी न कर ली हो।

(3) सक्षम प्राधिकारी ऊपर उप-विनियम (1) और (2) में उल्लिखित व्यक्तियों के आमेलन के बारे में निम्नलिखित पर विचार कर सकता है,-

(क) चयन समिति की सिफारिश पर और ऐसे व्यक्ति की खाद्य प्राधिकरण में उपयुक्तता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए;

(ख) ऐसे व्यक्ति के मूल कार्यालय से परामर्श करके;

(ग) ऐसे व्यक्ति को खाद्य प्राधिकरण में उसके मूल पद से त्याग-पत्र दिए जाने और उसे उसके मूल संगठन द्वारा स्वीकृत किए जाने के बाद समामेलित किया जाए; और

(घ) आमेलन की ऐसी किसी संभावना का उल्लेख विज्ञापन में किया जाएगा।

13. प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है),-

(1) खाद्य प्राधिकरण में इन विनियमों के अंतर्गत अल्पकालिक संविदा सहित बाहरी सेवा शर्तोंपर प्रतिनियुक्ति पर की गई सभी नियुक्तियाँ पहली बार में तीन वर्ष से अनधिक अवधि के लिए होंगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के विवेक के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है, जो उम्मीदवार की कार्यकारिता के मूल्यांकन और उसके मूल विभाग से परामर्श से बढ़ाई जाएगी। अनुसूची में दिए गए पदों पर खाद्य प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति तुरंत आमेलन के नियम से मुक्त है।

(2) केंद्र सरकार के अन्य मंत्रालयों या विभागों, राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा नियंत्रित या वित्तपोषित मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संगठनों या संस्थाओं के उम्मीदवार इन विनियमों में विहित पद्धति से और निम्नलिखित शर्तें पूरी होने पर अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति पर लिए जा सकते हैं, अर्थात्,-

(i) अनुसूची में यथाविहित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखते हों, और

(ii) आवेदित पद के समकक्ष पद पर आसीन हो या प्रतिनियुक्ति के स्तर या उसके समकक्ष स्तर पर पदोन्नति के लिए निचले पद पर न्यूनतम वर्षों की अपेक्षित सेवा की हो।

(3) संवर्ग से इतर उन पदों को छोड़कर जिनके लिए वे पोषक प्रवर्ग अधिकारी न हों, पदोन्नति की सीधी लाइन में आने वाले विभागीय उम्मीदवार प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के विचारार्थ पात्र नहीं होंगे।

(4) किसी कर्मचारी के किसी विभाग या संगठन में प्रतिनियुक्ति पर जाने पर ऐसे कर्मचारी की सेवा के निबंधन और शर्तें मौजूदा सरकारी नियमानुसार होंगे।

14. पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.-

(1) अनुसूची में विहित पात्रता के मानदंड पूरे करने वाले नियमित कर्मचारियों की विभिन्न ग्रेडों पर पदोन्नति द्वारा नियुक्ति रिक्ति होने पर और विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर उनकी वरिष्ठता क्रम के अनुसार पदोन्नति की सीधी लाइन के अगले उच्च पद पर निचले या पोषक प्रवर्ग से की जाएगी। विभागीय पदोन्नति समिति का गठन इस विषय पर सरकार के मौजूदा निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

(2) वरिष्ठता का निर्धारण केंद्रीय सरकार द्वारा वरिष्ठता के सामान्य निर्देशों या सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा। तथापि स्थानांतरित व्यक्ति की वरिष्ठता के निर्धारण से, ऐसे आमेलन से पूर्व अगले उच्च ग्रेड पर हुई पदोन्नति पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

15. संविदा के आधार पर नियुक्ति.-

(1) सक्षम प्राधिकारी,भर्ती की सामान्य विधि से रिक्तियाँ न भर पाने पर अंतरिम आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समकक्ष स्वीकृत पदों के लिए अपेक्षित प्रवेश योग्यताओं और अपेक्षित निबंधनों और शर्तों पर प्राधिकरण के अध्यक्ष के अनुमोदन से विहित अवधि के लिए संविदा के आधार पर कर्मचारी नियुक्ति कर सकता है:

परंतु ऐसी नियुक्तियों की कुल संख्या स्वीकृत पदों की संख्या तक सीमित होंगी और स्वीकृत पदों की कुल संख्या के पाँच प्रतिशत तक सीमित रहेंगी।

(2) सक्षम प्राधिकारी खाद्य प्राधिकरण को सौंपे गए कार्यों के संबंध में अपेक्षित निबंधनों और शर्तों पर प्राधिकरण के अध्यक्ष के अनुमोदन से उन अन्य विषयों पर खुले बाजार से परामर्शदाताओं की सेवाएँ ले सकती है, जिनके लिए ऐसे विशेष कौशल और दक्षता की आवश्यकता हो जो इन विनियमों में उल्लिखित न हो। ऐसी नियुक्तियाँ स्वीकृत पदों के अतिरिक्त और उनसे इतर होंगी, परंतु किसी भी समय कुल स्वीकृत पदों के पाँच प्रतिशत से अधिक न होंगी।

(3) ऊपर उप-विनियम (1) और (2) के अंतर्गत परामार्शदाताओं की नियुक्ति संविदा के आधार पर तीन वर्ष से अनधिक अवधि के लिए की जाएगी और उनका ऐसी सेवा करने पर बाद में स्थायी नियुक्ति का कोई दावा नहीं बनेगा।

(4) संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए कर्मचारियों के चयन की प्रक्रिया और शर्तें मोटे तौर पर इन विनियमों के अनुसार होंगी और हर मामले में प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा निर्धारित की जा सकेंगी।

(5) जिन पदों पर अधिकारियों को संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया हो, उन पर धारणाधिकार रखने का कोई प्रावधान नहीं होगा।

16. चयन.-

(1) पदों पर नियुक्ति अनुसूची में विहित चयन समितियों के माध्यम से की जाएगी।

(2) चयन समिति द्वारा अनुशंसित पैनल एक वर्ष के लिए वैध होगा। पैनल से एक वर्ष के अंदर कोई चयन न किए जाने पर नया पैनल बनाने के लिए नई चयन समिति का गठन किया जाएगा। ऐसी समिति पिछले पैनल में शामिल व्यक्तियों के नामों पर भी विचार कर सकती है।

(3) इस प्रक्रिया से भर्ती किए गए उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव अनुसूची में विहित प्रावधान के अनुसार होंगे, परंतु अत्यधिक विशेषज्ञीकृत क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले उम्मीदवारों के मामलों में अनुभव की न्यूनतम अवधि में छूट दी जा सकती है, बशर्ते कि चयन समिति ऐसा लिखित में रिकॉर्ड करे। छूट का प्रावधान रिक्ति के परिपत्र या विज्ञापन में शामिल किया जाएगा।

17. छूट देने की शक्ति.- इन विनियमों के किसी उपबंध में छूट देने की शक्ति केंद्रीय सरकार के पास होगी।

18. व्याख्या.- इन विनियमों की व्याख्या के संबंध में कोई प्रश्न उठ जाने पर उसे केंद्रीय सरकार को जाँच के लिए भेजा जाएगा और केंद्रीय सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

IndiaCode

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गी-करण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन या अचयन पद	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियोंके लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएँ प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्तिया आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नतिया प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्तिया आमेलन किया जाएगा	विभागीय प्रोन्नति समिति होने पर उसकी संरचना	वे स्थितियाँ जिनमें भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1. कार्य कारी निदेशक	"2* (2018)"	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह क, अननुसचिवीय	वेतन स्तर 14 (रु. 1,44,200-2,18,200)	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रतिनियुक्ति द्वारा	केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारोंया संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारोंया विश्वविद्यालयोंया मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओंया सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमोंया अर्ध सरकारी,कानूनी या स्वायतशासी संगठनों के वे अधिकारी:- (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार पर कार्यरत हों;या (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 13 या समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद मूल श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (iii) जिन्हेंप्रशासन,वित्त या/औरसतर्कता मामलों का दसवर्षों का अनुभव हो।	खोज-सह-चयन समिति जिसमें निम्नलिखित होंगे:- (i) अध्यक्ष,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण- अध्यक्ष (ii) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण – सदस्य (iii) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नामित एक प्रतिनिधि – सदस्य (iv) अध्यक्ष, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा नामित समुचित स्तर का एक बाहरी विशेषज्ञ – सदस्य	लागू नहीं होता।
2.	"2*	साधारण	वेतन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं होता।	लागू नहीं	लागू नहीं	प्रतिनियुक्ति	केंद्रीय सरकार या राज्य	खोज-सह-चयन समिति जिसमें	लागू नहीं

IndiaCode

सलाहकार	(2018)"	केंद्रीय सेवा, समूह क, अनतु-सचिवीय	स्तर 14 (1,44,200-2,18,200)	होता।	होता।		होता।	होता।		सरकारोंया संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारोंया विश्वविद्यालयोंया मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओंया पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी,कानूनी या स्वायतशासी संगठनों के वे अधिकारी:- (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार पर धारण किया हुआ हो;या (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 13या समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (iii) जो किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से रासायनिकी या जैव रासायनिकी या खाद्य प्रौद्योगिकी या खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी या खाद्य एवं पोषण या खाद्य तेल प्रौद्योगिकी या सूक्ष्म जैव विज्ञान या डेयरी प्रौद्योगिकी या कृषि या बागवानी विज्ञान या औद्योगिक सूक्ष्म जैव विज्ञान या आविष विज्ञान या जन स्वास्थ्य या जीवन विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि	निम्नलिखित होंगे:- (i)अध्यक्ष,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण- अध्यक्ष (ii) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iii) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नामित एक प्रतिनिधि – सदस्य (iv)अध्यक्ष, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा नामित समुचित स्तर का एक बाहरी विशेषज्ञ – सदस्य	होता।

IndiaCode

										या किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में कम से कम एक वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर डिप्लोमा (उपयुक्त नाम से), जो खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित हो। **या** खाद्य प्रौद्योगिकी या डेयरी प्रौद्योगिकी या जैव प्रौद्योगिकी या तेल प्रौद्योगिकी या खाद्यप्रसंस्करण इंजीनियरी या खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में बी.ई/बी.टेक या औषध या पशु चिकित्सा विज्ञान या मत्स्य विज्ञान या पशु विज्ञान या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातक उपाधि (जो चार वर्ष से कम की अवधि की न हो); और **(iv)** खाद्य विज्ञान या मानक या सुरक्षा के क्षेत्र में किसी प्रयोगशाला या अनुसंधान संस्था या वैज्ञानिक संगठन में अनुसंधान और विकास कार्य का कम से कम 18 वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम नौवर्षों का		

IndiaCode

										अनुभव पर्यवेक्षी पद पर हो; **या** उपर्युक्त विषयों में से किसी विषय में डॉक्टरेट उपाधि तथा इस पैरा में ऊपर वर्णित क्षेत्रों में प्रयोगशालाओंया अनुसंधान संस्थाओं या वैज्ञानिक संगठनों में कार्य का पंद्रह वर्षों का अनुभव तथा इन पंद्रह वर्षों में से कम से कम आठ वर्षों का अनुभवपर्यवेक्षी पद पर हो;और **(v)** संबंधित क्षेत्र में उच्च स्तर का प्रकाशित अनुसंधान कार्य।		
3. निदेशक	"16*(2018)"	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह क, अननुसचिवीय	वेतन स्तर 13 (1,23,100-2,15,900)	चयन	50 वर्ष	**(क)(i)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक की उपाधि; और **(ii)**पद की अपेक्षानुसार प्रशासन, वित्त, मानव संसाधन विकास या/और सतर्कता का कार्य देखने का पंद्रह वर्षों का अनुभव। **वांछनीय:** मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से विधि की उपाधि या एम.बी.ए की	नहीं	एक वर्ष	(i) 60%प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)या आमेलन द्वारा। (ii) 40% सीधी भर्ती द्वारा	**(क)प्रोन्नति के लिए:** स्तर 12 (रु. 78,800-2,09,200) में संयुक्त निदेशक,श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 5 वर्ष की सेवा। टिप्पण 1: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा, परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी	चयन समिति जिसमें निम्नलिखित होंगे:- (i) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण-अध्यक्ष (ii) कार्यकारी निदेशक,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iii) सलाहकार,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iv) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नामित एक प्रतिनिधि – सदस्य (v) अध्यक्ष, भारतीय खाद्य सुरक्षाऔर मानक प्राधिकरण द्वारा नामित उपयुक्त स्तर का एक बाहरी	लागू नहीं होता।

IndiaCode

						उपाधि या समतुल्य योग्यता। **या** **(ख)(i)** मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से रासायनिकीया जैव रासायनिकीया खाद्य प्रौद्योगिकीया खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीया खाद्य एवं पोषण या खाद्य तेल प्रौद्योगिकी या सूक्ष्म जैव विज्ञानया डेयरी प्रौद्योगिकीया कृषि या बागवानी विज्ञानया औद्योगिक सूक्ष्म जैव विज्ञान या आविष विज्ञान या जन स्वास्थ्य या जीवन विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर				कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित,जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **(ख) प्रतिनियुक्ति (अल्प कालिक संविदा सहित)या आमेलन के लिए:** केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारोंया संघ राज्य क्षेत्रों या विश्व- विद्यालयोंया मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओंया पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी,कानूनी या स्वायतशासी संगठनों के ऐसे अधिकारी:- (क)(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार परधारित किए हों;या (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 12 या उसके समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (ख) जो स्तंभ 7 में सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ रखते हों।	विशेषज्ञ – सदस्य	

IndiaCode

						अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि **या** किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में कम से कम एक वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर डिप्लोमा (उपयुक्त नाम से), जो खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित हो। **या** खाद्य प्रौद्योगिकी या डेयरी प्रौद्योगिकी या जैव प्रौद्योगिकी या तेल प्रौद्योगिकी या खाद्यप्रसंस्करण इंजीनियरी या खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी या फल और						

IndiaCode

						वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में बी.ई/बी.टेक या औषध या पशु चिकित्सा विज्ञानया मत्स्य विज्ञान या पशु विज्ञान या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातक उपाधि (जो चार वर्ष से कम की अवधि की न हो); और **ख (ii)** खाद्य विज्ञान या मानक या सुरक्षा के क्षेत्र में किसी प्रयोगशाला या अनुसंधान संस्था या वैज्ञानिक संगठन में अनुसंधान और विकास कार्य का कम से कम 14 वर्षों का अनुभव,जिसमें से कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव ग्रुप लीडर या पर्यवेक्षी पद पर हो और						

IndiaCode

						आयोजन, विकास और समन्वयन कार्य-क्षेत्र वाले खाद्य विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों में कार्य किया हो; **या** **(ग)(i)** उपर्युक्त विषयों में से किसी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि तथा खाद्य विज्ञानया मानकया सुरक्षा के क्षेत्रों में प्रयोगशालाओंया अनुसंधान संस्थाओं या वैज्ञानिक संगठनों में कार्य का बारह वर्षों का अनुभव तथा इन बारह वर्षों में से कम से कम पाँचवर्षों का अनुभव ग्रुप लीडर या पर्यवेक्षी पद पर हो और खाद्य विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों से संबंधित कार्य किया हो, जिसमें						

IndiaCode

						आयोजना, विकास और समन्वयन का कार्य शामिल हो; और **(ग)(ii)** संबंधित क्षेत्र में प्रकाशित अनुसंधान कार्य। **टिप्पण 1:** वांछित कुल अनुभव में से दो वर्षों का अनुभव केंद्रीय महंगाई भत्ते या समकक्ष औद्योगिक महंगाई भत्ते के वेतनमान (जो भी लागू हो) में निचले वेतन स्तर में हो तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के मामलों में वे पिछले दो वर्षों से न्यूनतम तुलनात्मक वार्षिक कंपनी का खर्च ले रहे हों, जिसके बारे में निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा और उसका विज्ञापन में हर बार उल्लेख						

IndiaCode

						किया जाएगा। **टिप्पण 2:** अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में योग्यताओं में सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 3**: चयन के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास हो जाने पर कि अनुसूचित जातिया अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए इन समुदायों के अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी इन समुदायों के उम्मीदवारों के लिए अनुभव संबंधी योग्यताओं में अपने						

IndiaCode

						विवेकानुसार छूट दे सकता है। **टिप्पण 4:** उपर्युक्त शैक्षिक योग्यताओं एवं अनुभव के बारे में निर्णय पद की कार्यात्मकआवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा, जिसका उल्लेख विज्ञापन में हर बार किया जाएगा।						
4.संयुक्त निदेशक	"32* (2018)"	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह क, अननुसचिवीय	वेतन स्तर 12 (रु. 78,800-2,09,200)	चयन	50 वर्ष	**(क)(i)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक की उपाधि; और **(ii)**पद की अपेक्षानुसार प्रशासन, वित्त, मानव संसाधन विकास या/और सतर्कता का कार्य देखने का बारह वर्षों का अनुभव। **वांछनीय:** मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से एम.बी.ए की उपाधि या समतुल्य	नहीं	1 वर्ष	(i) 60%प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)या आमेलन द्वारा। (ii) 40% सीधी भर्ती द्वारा	**(क)प्रोन्नति के लिए:** स्तर11 (रु. 67,700-2,08,700) में उप निदेशक,श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 5 वर्ष की सेवा। **(ख) प्रतिनियुक्ति (अल्प कालिक संविदा सहित)या आमेलन के लिए:** **टिप्पण 1**: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा, परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या	चयन समिति जिसमेंनिम्नलिखित होंगे:- (i) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण - अध्यक्ष (ii) कार्यकारी निदेशक,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iii) सलाहकार,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iv) अध्यक्ष द्वारा नामित उपयुक्त स्तर का एक बाहरी विशेषज्ञ – सदस्य	लागू नहीं होता।

IndiaCode

						योग्यता। **या** **(ख)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से विधि के क्षेत्र में स्नातक की पूर्णकालिक उपाधि तथा किसी प्रतिष्ठित सरकारीया स्वायत शासीया अनुसंधान संस्थानया विश्वविद्यालय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमोंया विधिक कंपनी में विधिक मामले देखने या विधि अधिकारी के रूप में बारह वर्षों का अनुभव। **या** **(ग)(i)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से रासायनिकी या जैव रासायनिकी या खाद्य प्रौद्योगिकी या				पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित,जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। (ख) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी,कानूनी या स्वायतशासी संगठनों के ऐसे अधिकारी:- (क)(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार परधारण किया हुआ हो;या (i) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 11 या उसके समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और (ख) जो स्तंभ 7 में सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ रखते हों।		

IndiaCode

						खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी या खाद्य एवं पोषण या खाद्य तेल प्रौद्योगिकी या सूक्ष्म जैव विज्ञान या डेयरी प्रौद्योगिकीया कृषि या बागवानी विज्ञानया औद्योगिक सूक्ष्म जैव विज्ञान या आविष विज्ञान या जन स्वास्थ्य या जीवन विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि **या** किसी मान्यता-प्राप्त विश्व विद्यालय या संस्था से खाद्य सुरक्षा और						

IndiaCode

						गुणता आश्वासन में कम से कम एक वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर डिप्लोमा (उपयुक्त नाम से), जो खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित हो। **या** खाद्य प्रौद्योगिकी या डेयरी प्रौद्योगिकी या जैव प्रौद्योगिकी या तेल प्रौद्योगिकी या खाद्यप्रसंस्करण इंजीनियरी या खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में बी.ई/बी.टेक या औषध या पशु चिकित्सा विज्ञानया मत्स्य विज्ञान या पशु विज्ञान या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी						

IndiaCode

						अन्य विषय में स्नातक उपाधि (जो चार वर्ष से कम की अवधि की न हो)। **ग(ii)** खाद्य विज्ञान या मानक या सुरक्षा के क्षेत्र में किसी प्रयोगशाला या अनुसंधान संस्था या वैज्ञानिक संगठन में अनुसंधान और विकास कार्य का कम से कम ग्यारह वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव ग्रुप लीडर या पर्यवेक्षी पद पर हो और खाद्य विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों में कार्य किया हो,जिनमें आयोजन, विकास और समन्वयन कार्य शामिल हो; **या**						

IndiaCode

						(घ)(i) उपर्युक्त विषयों में से किसी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि तथा खाद्य विज्ञानया मानकया सुरक्षा के क्षेत्रों में प्रयोगशालाओंया अनुसंधान संस्थाओं या वैज्ञानिक संगठनों में कार्य का नौ वर्षों का अनुभव तथा इन नौ वर्षों में से कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव ग्रुप लीडर या पर्यवेक्षी पद पर हो और खाद्य विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों में कार्य किया हो, जिनमें आयोजन, विकास और समन्वयन कार्य शामिल हो; और (i) संबंधित क्षेत्र में प्रकाशित अनुसंधान कार्य। **टिप्पण 1**:						

IndiaCode

						वांछित कुल अनुभव में से दो वर्षों का अनुभव केंद्रीय महंगाई भत्ते या समकक्ष औद्योगिक महंगाई भत्ते के वेतनमान (जो भी लागू हो) में निचले वेतन स्तर में हो तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के मामलों में वे पिछले दो वर्षों से न्यूनतम तुलनात्मक वार्षिक कंपनी का खर्च ले रहे हों, जिसके बारे में निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा और उसका विज्ञापन में हर बार उल्लेख किया जाएगा। **टिप्पण 2:** अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में योग्यताओं में सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 3:** चयन						

IndiaCode

						के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास हो जाने पर कि अनुसूचित जातिया अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए इन समुदायों के अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी इन समुदायों के उम्मीदवारों के लिए अनुभव संबंधी योग्यताओं में अपने विवेकानुसार छूट दे सकता है। **टिप्पण 4:** उपर्युक्त शैक्षिक योग्यताओं एवं अनुभव के बारे में निर्णय पद की कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा, जिसका उल्लेख विज्ञापन						

IndiaCode

						में हर बार किया जाएगा।						

5. उप निदेशक	"44* (2018)"	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह क, अननुसचिवीय	वेतन स्तर 11 (रु. 67,700-2,08, 700)	चयन	40 वर्ष	(क)(i) किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक उपाधि; और पद की अपेक्षानुसार प्रशासन, वित्त, मानव संसाधन विकास या/और सतर्कता का कार्य देखने का दस वर्षों का अनुभव। **वांछनीय**: मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से एम.बी.ए की उपाधि या समतुल्य योग्यता। **या** **(ख)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से विधि स्नातक की पूर्णकालिक उपाधि तथा किसी प्रतिष्ठित सरकारी या स्वायतशासी या अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विधिक कंपनी में विधिक मामले देखने या विधि अधिकारी के रूप में कार्य का छह वर्षों का अनुभव। **या** **(ग)(i)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से रासायनिकी या जैव रासायनिकी या खाद्य प्रौद्योगिकी या खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी या खाद्य एवं पोषण या खाद्य तेल प्रौद्योगिकी या सूक्ष्म जैव विज्ञान या डेयरी प्रौद्योगिकी या कृषि या	नहीं	दोवर्ष	(i) 60%प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)या आमेलन द्वारा। (ii) 40% सीधी भर्ती द्वारा	**(क)प्रोन्नति के लिए:** स्तर10 (रु. 56,100-1,77,500) में सहायक निदेशकया सहायक निदेशक (तकनीकी)या खाद्य विश्लेषकश्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद पाँच वर्ष की सेवा। **टिप्पण 1**: प्रोन्नति के लिए पात्रता सूची अधिकारियों द्वारा उनके ग्रेड या पद पर निर्धारित अर्हक सेवा प्राप्त कर लेने की तारीख के प्रति निर्देश से तैयार की जाएगी। **टिप्पण 2:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में,जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा, परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित,जिन्होंने ऐसी अर्हक या	चयन समिति जिसमें निम्न- लिखित होंगे:- (i) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण - अध्यक्ष (ii) कार्यकारी निदेशक,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iii) सलाहकार,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iv) अध्यक्ष, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा नामित उपयुक्त स्तर का एक बाहरी विशेषज्ञ – सदस्य	लागू नहीं होता।

IndiaCode

						बागवानी विज्ञान या औद्योगिक सूक्ष्म जैव विज्ञान या आविष विज्ञान या जन स्वास्थ्य या जीवन विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि **या** किसी मान्यता-प्राप्त विश्व विद्यालय या संस्था से खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में कम से कम एक वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर डिप्लोमा (उपयुक्त नाम से), जो खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित हो। **या** खाद्य प्रौद्योगिकी या डेयरी प्रौद्योगिकी या जैव प्रौद्योगिकी या तेल प्रौद्योगिकी या खाद्य प्रसंस्करण इंजीनियरी या खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी या फल और वनस्पति प्रौद्योगिकी या खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन में बी.ई/बी.टेक या औषध या पशु चिकित्सा विज्ञान या मत्स्य विज्ञान या पशु विज्ञान या खाद्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किसी अन्य विषय में स्नातक उपाधि (जो				पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **(ख) प्रतिनियुक्ति (अल्प कालिक संविदा सहित)या आमेलन के लिए:** केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारोंया संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारोंया विश्विद्यालयोंया मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओंया पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी,कानूनी या स्वायतशासी संगठनों के ऐसे अधिकारी:- (क)(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार परधारण किया हुआ हो;या (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 10या उसके समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो;या (iii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 8 या उसके समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो; (ख) जो स्तंभ 7 में सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक		

IndiaCode

						चार वर्ष से कम की अवधि की न हो); और **ग(ii)** खाद्य विज्ञान या मानक या सुरक्षा के क्षेत्र में किसी प्रयोगशाला या अनुसंधान संस्था या वैज्ञानिक संगठन में अनुसंधान और विकास कार्य का कम से कम नौ वर्षों का अनुभव, जिसमें से कम से कम चार वर्षों का अनुभव ग्रुप लीडर या पर्यवेक्षी पद पर हो और खाद्य विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों में कार्य किया हो, जिनमें आयोजन, विकास और समन्वयन कार्य शामिल हो; **या** **(घ)(i)** उपर्युक्त विषयों में से किसी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि तथा खाद्य विज्ञान या मानक या सुरक्षा के क्षेत्र में किसी प्रयोगशाला या अनुसंधान संस्था या वैज्ञानिक संगठन में कार्य का सात वर्षों का अनुभव तथा इन सात वर्षों में से कम से कम चार वर्षों का अनुभव ग्रुप लीडर या पर्यवेक्षी पद पर हो और खाद्य विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों में कार्य किया हो, जिसमें आयोजना, विकास और समन्वयन का कार्य शामिल हो; और				अर्हताएँ रखते हों।		

IndiaCode

						(घ)(ii)संबंधित क्षेत्र में प्रकाशित अनुसंधान कार्य। **वांछनीय :** स्नातक अभिक्षमता परीक्षण इंजीनियरी या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा **टिप्पण 1**: वांछित कुल अनुभव में से दो वर्षों का अनुभव केंद्रीय महंगाई भत्ते या समकक्ष औद्योगिक महंगाई भत्ते के वेतनमान (जो भी लागू हो) में निचले वेतन स्तर में हो तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के मामलों में वे पिछले दो वर्षों से न्यूनतम तुलनात्मक वार्षिक कंपनी का खर्च ले रहे हों, जिसके बारे में निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा और उसका विज्ञापन में हर बार उल्लेख किया जाएगा। **टिप्पण 2**: अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामलों में योग्यताओं में सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 3:** चयन के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास हो जाने पर कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित						

IndiaCode

						जन जाति के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए इन समुदायों के अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी इन समुदायों के उम्मीदवारों के लिए अनुभव संबंधी योग्यताओं में अपने विवेकानुसार छूट दे सकता है। **टिप्पण 4:** उपर्युक्त शैक्षिक योग्यताओं एवं अनुभव के बारे में निर्णय पद की कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा, जिसका उल्लेख विज्ञापन में हर बार किया जाएगा।						
6. सहायक निदेशक	"22* (2018)"	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह क, अननुसचिवीय	वेतन स्तर 10 (रु. 56, 100-1,77, 500)	चयन	35 वर्ष	(क)किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक उपाधि; और पद की अपेक्षानुसार प्रशासन, वित्त, मानव संसाधन विकास या/और सतर्कता का कार्य देखने का 6 वर्षों का अनुभव। **वांछनीय**: मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से एम.बी.ए की उपाधि। **या** **(ख)**मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से विधि स्नातक की उपाधि तथा किसी प्रतिष्ठित सरकारी या स्वायत शासीया अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विधिक कंपनी में विधिक मामले	नहीं	2 वर्ष	(i) 50%प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) या आमेलन द्वारा। (ii) 50% सीधी भर्ती द्वारा	**(क)प्रोन्नति के लिए:** स्तर8 (रु. 47,600-1,51,100) में प्रशासनिक अधिकारी श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 2 वर्ष की सेवाकी हो। **टिप्पण 1:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा, परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे	चयन समिति जिसमें निम्न- लिखित होंगे:- (i) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण- अध्यक्ष (ii) कार्यकारी निदेशक,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iii) सलाहकार,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य	लागू नहीं होता।

						देखने या विधि अधिकारी के रूप में कार्य का तीन वर्षों का अनुभव। **टिप्पण 1**: वांछित कुल अनुभव में से दो वर्षों का अनुभव केंद्रीय महंगाई भत्ते या समकक्ष औद्योगिक महंगाई भत्ते के वेतनमान (जो भी लागू हो) में निचले वेतन स्तर में हो तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के मामलों में वे पिछले दो वर्षों से न्यूनतम तुलनात्मक वार्षिक कंपनी का खर्च ले रहे हों, जिसके बारे में निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा और उसका विज्ञापन में हर बार उल्लेख किया जाएगा। **टिप्पण 2**: अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामलों में योग्यताओं में सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार छूट दी जा सकती है। **टिप्पण 3:** चयन के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास हो जाने पर कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए इन समुदायों के अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी इन समुदायों के उम्मीदवारों के लिए अनुभव				से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित,जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **(ख) प्रतिनियुक्ति (अल्प कालिक संविदा सहित)या आमेलन के लिए**: केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारोंया संघ राज्य क्षेत्रों या विश्वविद्यालयोंया मान्यता-प्राप्त अनुसंधान संस्थाओंया पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी,कानूनी या स्वायतशासी संगठनों के ऐसे अधिकारी:- (क)(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार परधारण किया हुआ हो;या (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 8या उसके समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी मेंदो वर्ष की नियमित सेवा की हो;या (iii)जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 7 या उसके समतुल्य पद	(iv) अध्यक्ष, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा नामित उपयुक्त स्तर का एक बाहरी विशेषज्ञ – सदस्य	

IndiaCode

						संबंधी योग्यताओं में अपने विवेकानुसार छूट दे सकता है। **टिप्पण 4:** उपर्युक्त शैक्षिक योग्यताओं एवं अनुभव के बारे में निर्णय पद की कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा, जिसका उल्लेख विज्ञापन में हर बार किया जाएगा।				पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी मेंतीन वर्ष की नियमित सेवा की हो;या (iv) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन स्तर 6या उसके समतुल्य पद पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो; (ख) जो स्तंभ 7 में सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ रखते हों।		
7. प्रशासनिक अधिकारी	"25* (2018)"	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह ख, अननुसचिवीय	वेतन स्तर 8 (रु. 47,600-1,51,100)	चयन	30 वर्ष	(क)किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालययया संस्था से स्नातक उपाधि; और पद की अपेक्षानुसार प्रशासन, वित्त, मानव संसाधन विकास या/और सतर्कता का कार्य देखने का तीनवर्षों का अनुभव। **वांछनीय:** मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातकोत्तर उपाधि या एमबीए (कार्मिक,मानव संसाधान प्रबंधन या वित्त) में एम.बी.ए उपाधिया सनदी लेखाकार या कंपनी सेक्रेटरी या आईसीडब्ल्यूए। **टिप्पण 1**: वांछित कुल अनुभव में से दो वर्षों का अनुभव केंद्रीय महंगाई भत्ते या समकक्ष औद्योगिक महंगाई भत्ते के वेतनमान (जो भी लागू हो) में निचले वेतन स्तर में हो तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत	नहीं	2 वर्ष	(i) 90%प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)या आमेलन द्वारा। (ii) 10% सीधी भर्ती द्वारा	**(क)प्रोन्नति के लिए:** स्तर6 (रु. 35,400-1,12,400) में सहायक की श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 6 वर्ष की सेवा की हो। **टिप्पण 1:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा, परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों	चयन समिति जिसमें निम्न- लिखित होंगे:- (i) कार्यकारी निदेशक,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– अध्यक्ष (ii) सलाहकार,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iii) निदेशक,भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– सदस्य (iv) मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा नामित उपयुक्त स्तर का एक बाहरी विशेषज्ञ –	लागू नहीं होता।

IndiaCode

